आकाशवाणी केन्द्र शिमला
02.10.2024 / 18:00बजे प्रादेशिक समाचार /

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि स्वच्छता के प्रति प्रतिबद्धता जीवन भर की प्रतिज्ञा है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे स्वच्छता को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का प्रण लें। स्वच्छ भारत मिशन के 10 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आज नई दिल्ली में स्वच्छता ही सेवा 2024 कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नरेन्द्र मोदी ने स्वच्छता को जन आंदोलन बनाने के लिए 140 करोड़ भारतीयों की अटूट भावना को नमन किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन की सफलता में सभी ने योगदान दिया है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि आज दुनिया के विभिन्न हिस्सों में स्वच्छता से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि सेवा पखवाड़ा के केवल 15 दिनों में देश में 27 लाख से अधिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें 28 करोड़ से अधिक लोगों ने भाग लिया।

जयंती

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को उनकी एक सौ 55वीं जयंती पर आज देश सहित प्रदेश में भी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने शिमला के रिज मैदान पर स्थित राष्ट्रपिता की प्रतिमा पुष्पाजंलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी के स्वदेशी, स्वराज, आत्मनिर्भरता और स्वच्छता के सिद्धांत से आज भी हम सभी को प्रेरणा मिलती है। राज्यपाल ने महात्मा गांधी के जीवन पर आधारित फोटो प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। बाद में उन्होंने शहर के सी.टी.ओ. चौक पर पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को जयंती पर भी श्रद्धाजंलि दी। राज्यपाल ने कहा कि शास्त्री जी ने जय जवान–जय किसान का नारा देकर देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रेरित किया।

कांग्रेस

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने शिमला स्थित कांग्रेस मुख्यालय में हुए कार्यक्रम में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आदर्श व प्रेम का पथ आज भी देश का मार्ग प्रशस्त करता है। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री को भी याद किया। लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह और मुख्य संसदीय सचिव मोहन लाल बराक्टा समेत पार्टी के अन्य नेता इस दौरान मौजूद रहे।

राज्य मंत्री

केंद्रीय सड़क परिवहन राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने गांधी जयंती के अवसर पर आज धर्मशाला में स्वच्छता अभियान में हिस्सा लिया। उन्होंने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प भी अर्पित किए। बाद में केंद्रीय राज्य मंत्री ने टंग नरवाना पंचायत में भी स्वच्छता अभियान में भाग लिया। उन्होंने लोगों को स्वच्छ भारत मिशन की जानकारी दी और साफ–सफाई रखने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि अपने क्षेत्र को स्वच्छ रखना ही राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी सभी जातियों, धर्मों और विचारधारों का प्रतिनिधित्व करती है। वे आज हरियाणा में पंचकूला विधानसभा क्षेत्र के बरवाला में एक चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा को चुनाव के समय ही हिमाचल की याद आती है और बीते वर्ष आई आपदा से निपटने के लिए केंद्र ने कोई मद्द नहीं दी। मुख्यमंत्री ने ये भी कहा कि आत्मनिर्भर बनने जा रहे हिमाचल प्रदेश के बारे में भाजपा नेता सच छिपा कर गलत तथ्य पेश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 20 महीने के कार्यकाल में ही प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने 10 में से 5 गारंटियां पूरी कर दी हैं।

विक्रमादित्य सिंह

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने आज शिमला के पोटर हिल में राज्यस्तरीय वन्य प्राणी सप्ताह व स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि वन्य जीव प्राणी सप्ताह ओर स्वच्छता अभियान को संयुक्त रूप से एक जन आंदोलन के तौर पर आगे बढ़ाने की जरूरत है। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि ये अभियान कार्यक्रमों तक ही सीमित नहीं होने चाहिए बल्कि इसमें हर नागरिक की भूमिका सुनिश्चित होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने पोटर हिल को इको टूरिज्म के रूप में विकसित करने के लिए 5 हेक्टेयर भूमि को स्वीकृति दी है।

केंद्रीय सहायता

केंद्र सरकार ने एस.डी.आर.एफ. और एन.डी.आर.एफ. से अग्रिम राशि के रूप में 14 बाढ़ प्रभावित राज्यों को 5 हजार 8 सौ 58 करोड़ 60 लाख रूपए की राशि जारी की हैं। इसमें हिमाचल प्रदेश को एस. डी.आर.एफ. से केन्द्रीय हिस्सेदारी और एन.डी.आर.एफ. से अग्रिम राशि के रूप में एक सौ 89 करोड़ 20 लाख रूपए जारी किए हैं। इस वर्ष 21 राज्यों को 14 हजार 9 सौ 58 करोड़ से अधिक की धनराशि जारी की जा चुकी है।

समिति गठित

राज्यसभा महासचिव पी.पी. मोदी ने नई संसदीय समिति का गठन किया है। इसके तहत राज्यसभा सांसद सिकंदर कुमार को संसद की दो अहम स्थाई समितियां में सदस्य मनोनीत किया गया है। उन्हें शिक्षा, महिला व बाल विकास, युवा व खेल की स्थायी समिति में सदस्य मनोनीत किया गया है। इसके अलावा सिकंदर कुमार को स्वास्थ्य व परिवार कल्याण की स्थायी समिति में भी जगह मिली है। ये समितियां सरकार द्वारा पेश किए गए विधेयकों का विस्तृत अध्ययन कर उनमें सुधार के लिए सुझाव देती हैं।

नमस्कार